# लोक प्रशासन (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# PUBLIC ADMINISTRATION (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में लिखिए :

Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) भूमंडलीकृत युग में नागरिकों की जटिल आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए लोक प्रशासन के क्षितिज का विस्तार हो रहा है। व्याख्या कीजिए।

Public administration horizons have been expanding to cater to the complex needs of the citizens in the globalized era. Explain.

(b) विशिष्ट अभिप्राय में, कार्यक्षमता किसी संगठन की व्यवस्था में सन्तुलन बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रभावी प्रोत्साहन उपलब्ध कराने की क्षमता होती है। विश्लेषण कीजिए।

Efficiency, in the specialized sense, is an organization's capacity to offer effective inducements in sufficient quantity to maintain the equilibrium of the system. Analyze.

(c) "निर्णयों की प्रक्रिया......व्यापक रूप से विकल्पों को संकीर्ण करने की तकनीक है।" व्याख्या कीजिए।

"The process of decisions......is largely technique of narrowing choices." Explain.

(d) "नीति-निर्माण में न्यायपालिका न केवल सरकारी कार्यों को सीमित करने बल्कि उन्हें प्रबंधित करने में भी एक अति सकारात्मक भूमिका निभाती है।" टिप्पणी कीजिए।

"The judiciary is playing a more positive role in policy formulation, not just in limiting government actions, but also in mandating them." Comment.

(e) "नागरिक अधिकार-पत्र (सिटिजन चार्टर) का ध्यान लोक सेवा वितरण के संबंध में नागरिकों को सशक्त बनाना है।" विश्लेषण कीजिए।

"Citizen Charter's focus is on empowering citizens concerning public service delivery." Analyze.

**2.** (a) फोलेट ने संघर्षों को सुलझाने और अधिक सामंजस्यपूर्ण तथा सर्वव्यापी सामाजिक संरचनाओं की स्थापना की कुंजी के रूप में व्यक्तियों के बीच परस्पर निर्भरता एवं सहयोग विकसित करने की दृढ़ता से वकालत की है। चर्चा कीजिए।

Follett firmly advocated for cultivating interdependence and collaboration among individuals as the key to resolving conflicts and establishing more harmonious and all encompassing social structures. Discuss. 20

(b) मिन्नोब्रुक III ने लोक प्रशासन के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि पैदा करने में प्रयोगात्मक अनुसंधान के महत्त्व पर बल दिया और इस क्षेत्र में शिक्षा को विभिन्न क्षेत्रीय संदर्भों के अनुरूप बनाने की आवश्यकता को पहचाना। परीक्षण कीजिए।

Minnowbrook III emphasized the importance of empirical research in generating valuable insights for public administration and recognized the need to tailor education in the field to different regional contexts. Examine. 15

(c) ''सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पी० पी० पी०) को अधिक समय तक विभिन्न तरीकों से उचित ठहराया गया है, जो निजी संस्थाओं के लाभ के लिए निजी सार्वजनिक सेवाओं का निजीकरण करना चाहते हैं।'' क्या आप सहमत हैं?

"Public-Private Partnerships (PPPs) have been justified in various ways over time that seek to privatize public services for the profit of private entities." Do you agree? 15

3. (a) ''संगठन सिद्धांत संगठनात्मक विश्लेषण के लिए कई दृष्टिकोणों के साथ एक सिद्धांत नहीं है, और यह विभिन्न स्थितियों के लिए भिन्न-भिन्न उत्तर प्रदान करता है।'' टिप्पणी कीजिए।

"Organization theory is not a single theory with a loosely knit of many approaches to organizational analysis, and it provides different answers to different situations." Comment. 20

(b) ''बाहरी अभिप्रेरणा की तुलना में आंतरिक अभिप्रेरणा से निष्पादन और रचनात्मकता में वृद्धि होती है।'' परीक्षण कीजिए।

"Intrinsic motivation in comparison to extrinsic motivation leads to enhanced performance and creativity." Examine. 15

(c) ''सूचना के अधिकार (आर० टी० आइ०) के खिलाफ राज्य द्वारा किए गए कुठाराघात ने नागरिक के जानने के अधिकार को बाधित किया है।'' आर० टी० आइ० कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान के लिए आर० टी० आइ० अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता को चिह्नित तथा परीक्षण कीजिए।

"The backlash against Right to Information (RTI) by the State hampered the citizen's right to know." Examine and point out the need to amend the RTI Act to provide protection to RTI activists. 15

4. (a) ''नेतृत्व के रिडिन मॉडल ने ओहियो अध्ययन तथा ब्लैक ऐंड मॉटन द्वारा पहचाने गए नेतृत्व के मौजूदा दो बुनियादी आयामों में तीसरा आयाम जोड़ा।'' स्पष्ट कीजिए।

"Reddin model of leadership added third dimension to the existing two basic dimensions of leadership identified by Ohio Studies and Blake and Mouton." Elucidate. 20

(b) ''द्वि-कारक सिद्धांत कार्यस्थल में कुछ कारकों पर जोर देता है जिसके परिणामस्वरूप नौकरी की संतुष्टि होती है, जबकि अन्य, यदि अनुपस्थित हैं, तो असंतोष का कारण बनते हैं।'' चर्चा कीजिए।

"Two-factor theory entails certain factors in workplace resulting in job satisfaction, while others, if absent, lead to dissatisfaction." Discuss. 15

(c) ''अधीनस्थ विधायन की अपनी कमियाँ हैं; इससे इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि यह काफी लाभदायक भी है।'' परीक्षण कीजिए।

"Subordinate legislation has its drawbacks; this does not negate the fact that it is also quite beneficial." Examine. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में लिखिए :

Answer the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) ''फ्रेंच गणराज्य का संविधान मंत्रियों को राजनीतिक दल का नेता बनने से नहीं रोकता है; यह प्रथा है कि निष्पक्षता से सुनिश्चित करने के लिए मंत्री को ऐसे पद पर आसीन नहीं होना चाहिए।'' व्याख्या कीजिए।

"The Constitution of French Republic does not prohibit ministers from being the leader of political party; it is customary that minister should not occupy such a post to ensure impartiality." Explain.

(b) प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम० आइ० एस०) का उपयोग करने का अंतिम लक्ष्य संगठनों में मूल्य और उत्पादकता को बढ़ाना है। व्याख्या कीजिए।

The ultimate goal of using Management Information System (MIS) is to increase values and productivity in organizations. Explain.

(c) ''लागत-लाभ विश्लेषण नीति निर्माताओं को नीतियाँ बनाने एवं सार्वजनिक नीति विकसित करने पर परामर्श प्रदान करने में बहुत मदद करता है।'' परीक्षण कीजिए।

"Cost-benefit analysis is of great help to the policy makers in framing policies and providing advice on developing public policy." Examine.

(d) ''मौद्रिक नीति और राजकोषीय नीति भिन्न-भिन्न हैं; परन्तु दोनों का उपयोग अर्थव्यवस्था को विनियमित करने के लिए किया जाता है।'' चर्चा कीजिए।

"Monetary policy and fiscal policy are different; but both are used to regulate economy." Discuss.

(e) ''नियोक्ता-कर्मचारी संबंध टकराव के बजाय परस्पर निर्भरता का होना चाहिए।'' व्याख्या कीजिए।

"Instead of conflicting, the employer-employee relationship should be one of mutual reliance." Explain.

6. (a) "तुलनात्मक लोक प्रशासन (सी० पी० ए०) अध्ययन को अपने पिछले समकक्षों की तुलना में एक नए उद्देश्य और अभिविन्यास के साथ 1980 और 1990 के दशकों में गति मिली है।" आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

"The studies in Comparative Public Administration (CPA) got momentum in 1980's and 1990's with a new objective and orientation than its previous counterparts." Critically examine. 20

(b) " 'विकास' की व्याख्या करते समय वाइड्नर ने उत्पादन में बदलाव और व्यवस्था में परिवर्तन के बीच अंतर किया; और चेतावनी दी कि एक दृष्टिकोण से जो विकास है; दूसरे दृष्टिकोण में उसमें गिरावट आ सकती है।" टिप्पणी कीजिए।

"In explaining the 'development', Weidner made a distinction between change in the output and change in the system itself; and warned that what is growth from one point of view may decline from another." Comment. 15

(c) "शून्य-आधारित बजट (जेड० बी० बी०) ऐतिहासिक बजट के बजाय कार्यक्रम दक्षता पर आधारित है।" इसके आलोक में पारंपरिक बजट की तुलना में जेड० बी० बी० के लाभों का परीक्षण कीजिए।

"Zero-based budgeting (ZBB) is based on programme efficiency rather than budget history." In the light of this, examine the advantages of ZBB over traditional budget. 15

7. (a) "सार्वजनिक नीति-निर्माण राजनीतिक विश्लेषण की विधियों को नीतिगत क्षेत्रों में लागू करने का एक प्रयास है लेकिन इसका संबंध नौकरशाही और हितधारकों के अंदर की प्रक्रियाओं से है।" चर्चा कीजिए।

"Public policy-making is an effort to apply the methods of political analysis to policy areas but has concerns with processes inside the bureaucracy and stakeholders." Discuss. 20

(b) "कैरियर में उन्नति के लिए लोक सेवकों को राजनीतिक वरिष्ठों की आवश्यकता होती है, और इसलिए यह घटना लोक सेवकों की तटस्थता के लिए चुनौतियाँ खड़ी करती है।" टिप्पणी कीजिए।

"In career advancement, civil servants are necessitated to political superiors and hence the phenomenon poses the challenges to civil service neutrality." Comment. 15

(c) "सूचना संचार प्रौद्योगिकी (आइ० सी० टी०) एक कुशल और प्रभावी सरकार बनाने के लिए नीतियों को अधिक समझदारी से लागू करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए० आइ०) की शक्ति का उपयोग कर सकती है।" इसकी चुनौतियों को पहचानते हुए परीक्षण कीजिए।

"Information Communication Technology (ICT) can harness the power of Artificial Intelligence (AI) to execute the policies more intelligently creating an efficient and effective Government." Examine and identify the challenges. 15

8. (a) "सुदृढ़ सार्वजनिक वित्त का प्रबंधन प्रशासनिक व्यवस्थाओं की रीढ़ हुआ करता था; लेकिन दुर्भाग्य से, यह लोकलुभावन नीतियों का कैदी बन गया है।" आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

"The management of sound public finances used to be the backbone of administrative systems; but unfortunately, it has become the prisoner of populist policies." Critically evaluate. 20

(b) "सतत विकास के लिए महिला सशक्तिकरण अनिवार्य है इसलिए इसे केवल कार्यक्रमों में ही प्रतिबिंबित नहीं किया जाना चाहिए; बल्कि संस्थानों और समुदायों में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदमों को बढ़ावा देना चाहिए।" आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

"Women empowerment is essential for sustainable development; hence it should not be reflected only in programmes but promoting concrete actions to ensure the participation across institutions and communities." Critically examine. 15

(c) "प्रशिक्षण एक लघु कार्य नहीं है; बल्कि यह कौशल, आदतों, ज्ञान और योग्यता विकसित करने की एक चरण-दर-चरण प्रक्रिया है।" स्पष्ट कीजिए।

"Training is not a short affair; rather it is a step-by-step process of developing skills, habits, knowledge and aptitude." Elucidate. 15

★★★